THE MINISTER OF COMMERCE **AND** TOURISM (SHRI ARUN KUMAR NEHRU); (a) STC has decided to close down its Branch Office at Ahmedabad as the quantum of business does not warrant its functioning,

(b) Representations have been received from Small & Medium News papers Association of Gujarat & Gujarat Chamber of Commerce & Industry in this regard.

(c) State-wise export data is not compiled. STC has, however, decided to keep a small Depot in Ahmedabad" for Newsprint only.

उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों द्वारा की गई सिफारिशें

377. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिसम्बर, 1989 के प्रथम सप्ताह में 18 उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों सहित और अन्य बहुत से न्यायाधीशों द्वारा आयोजित सम्मेलन में की गई सिफारिशों की ओर गया है ;

(ख) यदि हां, तो उस सम्मेलन में कौन-कौन की मुख्य सिफारिशें की गई थीं ;

(ग) क्या सरकार इन सिफारिशों को लागू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(घ) यदि उपरोक्त भाग (ग) का उत्तर नहीं में है तो इसके क्या कारण

इस्पात और खान मंत्री, साथ में विधि और न्याय मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री दिनेश गोस्वामी) : (क) जी हां।

(ख) एकरूप वेतनमान, सेवानिवृत्ति की उच्चतर आयु, अधिक सेवानिवृत्ति फायदे, बेहतर चिकित्सा सुविधाओं और सेवानिवृत्त होने वाले न्यायाधीशों को और अधिक सुविधाओं के साथ-साथ उच्च न्यायालयों को और अधिक वित्तीय शक्तियां प्रदान करने से संबंधित उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों की सेवा शर्तों के संबंध में ऐसी कुछ महत्वपूर्ण सिफारिशें हैं जो मुख्य न्यायमूर्तियों के सम्मेलन में की गई थीं ।

(ग) और (घ) सरकार, इन सिफारिशों की समीक्षा कर रही है।

सरदार सरोवर परियोजना के निर्माण के लिये विश्व बैंक की सहायता

378. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरदार सरोवर परियोजना के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में विश्व-बैंक सहायता द्वारा अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार परियोजना की निर्माण लागत में वृद्धि होने, बड़ी मात्रा में भूमि बेकार होने और हजारों लोगों के बेघर होने को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना के निर्माण की समीक्षा करने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मनुभाई कोटड़िया) : (क) और (ख) सरदार सरोवर परियोजना जिसमें सरदार सरोवर बांध तथा विद्युत गृह वितरण प्रणाली सहित नहरें शामिल